हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली



06 उत्साह के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई ...



08 खेल स्टेडियम में बड़ों के साथ बच्चों ने भी किया...




## ऐतिहासिक रामलीला के लिए कार्यक्रम जारी

**विदिशा।** हर साल की तरह इस वर्ष भी मकर सक्रांति से रामलीला तथा मेला का आयोजन शुरू होगा। रामलीला मेला समिति के मानसेवी सचिव डॉ अनिल शर्मा ने बताया की 14 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे भूमिपूजन, दोपहर 3 बजे माधवगंज शिवालय से शंकर जी बारात, शाम 7 बजे शिव विवाह होगा। 15 जनवरी सोमवार गंगादर्शन, 16 जनवरी मंगलवार प्रतापभानु श्राप से स्वयंभुव मनु एवं शतरूपा तप तक, 17 जनवरी बुधवार रावण जन्म, इन्द्र मेघनाद युद्ध होगा। 18 जनवरी गुरूवार श्रीराम जन्म महोत्सव से बाल लीला, 19 जनवरी शुक्रवार सीता जन्म, ताड़का व सुवाहु वध, 20 जनवरी को सीता स्वंयव, परशुराम लक्ष्मण संवाद, होगा। 21 जनवरी को श्री रामचन्द्र जी की दिव्य बारात झांकियों के साथ निकाली जाएगी। 22 जनवरी को श्री राम विवाह, 23 जनवरी को विवाह उत्सव, ब्राहम्ण भोज, 24 जनवरी को अयोध्या में दशरथ सभा, 25 जनवरी को श्री रामचन्द्र जी को वनवास, गंगा तरण, 26 जनवरी को चित्रकूट पर भरत मिलाप, 27 जनवरी को खरदूषण वध, 28 जनवरी को सीता हरण, 29 जनवरी को बाली वध एवं सुग्रीव राज्याभिषेक, 30 जनवरी को लंका दहन (अग्नि क्रीडा), 31 जनवरी को सेतु बंध, श्री रामेश्वर स्थापना व अंगद रावण संवाद, का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा।

## 19 से होगी रामकथा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बंटीनगर बायपास स्थित आकृति परिसर कॉलोनी में 19 जनवरी से श्रीराम कथा शुरू होगी। इसी दिन पीतलमिल चौराह से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा 26 जनवरी तक चलेगी। आकृति परिसर के संचालक बंटी रघुवंशी ने बताया की 7 वर्षीय अनुष्का पाठक के मुखारविंद से रामकथा सुनाई जाएगी। दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक कथा चलेगी। कथा के समापन दिन 26 जनवरी को प्रसादी वितरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार आयोजित कर स्वेटर वितरित किए



**विदिशा।** विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम खेजड़ा कंकर खेड़ी में सूर्य नमस्कार के बाद प्राचार्य हिम्मत सिंह लोधी एवं शिक्षक तेज सिंह अहिरवार द्वारा स्वेटर वितरित किए गए। मंडल प्रमुख नीता सराफ एवं सदस्यों ने सहयोग के लिए शिक्षक एवं डॉक्टर कुसुम गर्ग का आभार माना।

### छात्रों ने फैक्ट्री की कार्यप्रणाली समझी

**विदिशा।** सेंट मैरी पीजी कॉलेज के बीकॉम फर्स्ट ईयर संकाय के बच्चों ने प्रोफेसर बीएम बघेल एवं वैशाली मैडम के गाइडेंस में अदानी विल्मर फैक्ट्री में इंडस्ट्रियल विजिट की। वहां की कार्य प्रणाली को समझा विजिट पर जाने से पहले डॉ.गिरीश सुर्जन ने बच्चों को निर्देश दिए एवं फैक्ट्री में क्या सावधानी रखना चाहिए वह विद्यार्थियों को बताया। विजिट पर आने के उपरांत बच्चों ने विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश शाह से अपने अनुभव साझा किए। डॉ. दिनेश शाह ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल विजिट का महत्व समझाया।

### नवोदय चयन परीक्षा 20 जनवरी को होगी

**विदिशा।** जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में सत्र 2024 - 25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 का आयोजन विदिशा जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर होगा। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार राजे ने बताया कि पालक अपने पाल्यों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट http//:navo-daya.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त करें। प्रवेश पत्रों के डाउनलोड में समस्या होने पर नवोदय विद्यालय में संपर्क प्रवेश पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं।

### चोरी का खुलासा: कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर

# मुखर्जीनगर व अरिहंत बिहार में दिनदहाड़े चोरी करने वाली गैंग गिरफ्तार, माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुखर्जीनगर और अरिहंत बिहार कॉलोनी में दिन दहाड़े घरों में घुसकर चोरी की वारदात करने वाले तीन शातिर चोरों को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। चोरों के पास से नगदी व चांदी के बर्तन सहित चोरी में प्रयोग की गई कार को जब्त किया गया है।

कोतवाली निरीक्षक आशुतोष सिहं राजपूत ने बताया की सीएसपी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं एसपी दीपक शुक्ला के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर उनकी टीम को दिन दहाड़े घरों के ताले तोड़कर चोरी करने वाली गैंग को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। अरिहंत विहार कालोनी में इंदू कुमार जैन एवं मुखर्जीनगर निवासी अरुण पुत्र सुरेश दुबे के मकान में दिन दहाड़े सूने मकानों का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चुराने का मामला दर्ज किया गया था।

टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर प्रकरण के आरोपियों की तलाश की गई। प्रकरण में 8 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर आरोपी राजू उर्फ राजकुमार अहिरवार पिता किशनलाल अहिरवार उम्र 35 साल निवासी उदासी मोहल्ला संत रविदास नगर थाना मोतीनगर जिला सागर को गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ की तो उसने अपने साथी धनराज यादव पिता कृष्णा यादव उम्र 24 साल निवसी ग्राम मंडराई तहसील आमला बैतूल एवं प्रेमनारायण अहिरवार पिता प्रीतम सिंह उम्र 27 साल निवासी गोपालपुर रायसेन के साथ मिलकर विदिशा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अलग 2 चोरियां करना स्वीकार किया। चोरों ने सूने मकानों के ताले तोड़कर 2 घरों से सोना चांदी व नगदी ले जाना बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सोना चांदी व नगदी एवं घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन जब्त कर लिया है। चोरों को न्यायालय मे पेश किया गया। पुलिस ने चोरों से 2 लाख 80 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। कोतवाली पुलिस अन्य चोरियों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया है।



**विदिशा।** मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आए तीन शातिर चोर।

### चोरों के पास से 2 लाख 80 हजार का माल जब्त हुआ



आरोपियों के पास से 21 हजार नगद, चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तन, चांदी के जेवर व एक सोने की अंगूठी जब्त की गई है।




चोरों के पास से पुलिस ने एक चार पहिया अल्टो गाड़ी जब्त की है यह गाड़ी वह चोरी की वारदात करने में उपयोग करते थे।

## राम मंदिर.. एक मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है: पचौरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राम मंदिर मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है, जिसमें भारत के करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं जुड़ी हैं। आओ हम सब मिलकर यह संकल्प करें कि स्वयं एवं अपने परिवार बच्चों को नियमित रामायण का पाठ करने का आग्रह करेंगे। यह आव्हान भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमाशंकर पचौरी ने गुरुवार को राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम में कही।

रविन्द्र नाथ टैगोर सभागृह में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम लोकरे शास्त्री रहे। श्री पचौरी ने कहा कि हमारी पूर्व की कई पीढ़ियों ने राम मंदिर के निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछाबर कर किया। हम लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे समय में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। आज की युवा पीढ़ी को भगवान श्री राम के चरित्र का अनुशरण करना चाहिए। एक आदर्श पुत्र,भाई, पिता, राजा, मित्र, शिष्य का आचरण कैसा होना चाहिए। ये हमें भगवान श्री राम जी के आचरण से सीखना चाहिए।

भगवान श्रीराम जी ने लंका पर आक्रमण करते समय कैसे छोटे से छोटे जीव को एक साथ संगठित करके लंका पर विजय प्राप्त की। विजय प्राप्त करने के पश्चात अपने वचन अनुसार लंकापति रावण के भाई विभीषण को सौंप दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का परिचय एवं मंच संचालन रवि सोनी द्वारा किया गया। मंच पर प्रांत सह महाविद्यालयीन प्रमुख पीयूष स्वर्णकार, राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका डॉ पिंकेश लता रघुवंशी उपस्थित रहीं। राम स्तुति पर शिवानी श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## कॉलेज के छात्रों ने दिया सबसे अधिक ब्लड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। रेडक्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

ब्लड बैंक में खून की कमी को पूरा करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में जैन कॉलेज और गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अतुल शाह द्वारा भी रक्तदान किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉक्टर सचिन गर्ग ने बताया कि तकरीबन 40 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। वहीं समाजसेवी और समिति के सदस्य राजेश जैन ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता। एक यूनिट रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है। सभी को सामाजिक दायित्व निभाते हुए साल में एक या दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे किसी जरूरतमंद की जान को बचाया जा सके। ठंड के मौसम में अपेक्षाकृत चलते ब्लड में रक्त की कमी हो रही थी। रक्तदान शिविर के माध्यम से युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को खून की आवश्यकता पड़ने पर खून उपलब्ध हो सके।

### रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता: राजेश जैन



### आरोपी रहेगा उम्रभर सलाखों के पीछे

**विदिशा।** न्यायालय जसवंत सिंह यादव ने नाबालिग बालिका के साथ गलत कृत्य करने वाले आरोपी सौतेले पिता को आजीवन कारावास व बेटी से मारपीट करने वाली सौतेली मां को 6 माह की सजा सुनाई है। बालिका ने 8 अक्टूबर 2022 को त्यौंदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की वह सौतेले पिता के साथ रहती है। आरोपी पिता ने अपने सौतेली बेटी के साथ गलत कृत्य किया और मना करने पर मारपीट की। आरोपी पिता ने 4 से 5 बार गलत कृत्य किया। फरियादिया द्वारा अपनी सौतली मां को बताया तो सौतेली मां ने भी मारपीट की। पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में विवेचना एसडीओपी अनुभाग बासौदा मनोज कुमार मिश्रा द्वारा की गई।

### रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ

## 125 प्रकरणों में 6 करोड़ बैंक ऋण बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार को जिला उद्योग व्यापार केंद्र परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 125 प्रकरणों में 6 करोड़ के ऋण का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, लघुउद्योग भारती के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नरेश मेघानी द्वारा शासकीय ऋण योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को ऋण वितरित किया। लीड बैंक प्रबंधक नरेश मेघानी ने जनता को संबोधित करते हुए बैंक द्वारा विभिन्न शासकीय रोजगार मूलक योजनाओं जैसे पीएम विश्वकर्मा योजना , पीएमईजीपी, स्वरोजगार योजना आदि समस्त ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिले की समस्त बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा जनता की बैंक से संबंधित परेशानियों का निराकरण के लिए जानकारी दी गई।




**विदिशा।** बैंक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

## दुर्व्यवहार के कारण नदियां संकट में हैं: डॉ संजय सिंह



**विदिशा।** चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेतवा सहित पूरे देश की नदियों पर संकट में हैं। मानवीय दुर्व्यवहार के कारण नदियों का ये हाल है। यह बात बुंदेलखंड के जलपुरुष डॉ संजय सिंह परमार्थ ने बेतवा उत्थान समिति की वार्षिक आमसभा में कही। इस मौके पर उन्हें मणिबेन शाह स्मृति पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जालौरी गार्डन में डॉ सिंह ने बेतवा उत्थान समिति द्वारा लगातार 21 वर्ष से किए जा रहे श्रमदान की सराहना की। उन्होंने कहा की बेतवा नहीं होती तो बुंदेलखंड कब का उजड़ गया होता। उन्होंने कहा कि हमें नदियों को बचाने के लिए गंदे नाले उनमें मिलने से रोकने नदी किनारे चिन्हित प्रजातियों का पौधरोपण करना होगा। नदी के 500 मीटर दायरे में पौधरोपण करें। नदी तटों पर तालाब बनाएं, आसपास ज्यादा गहरे बोर न होने दें।

### आश्वासन के बाद भी नाला बेतवा में मिल रहा: शाह

बेतवा उत्थान समिति के अध्यक्ष अतुल शाह ने कहा की आश्वासन के बाद भी चोरघाट नाला बेतवा में मिल रहा है। गंदे नाले नदी में मिलाना अपराध है और यह लगातार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि नदी किनारों पर सघन पौधरोपण नहीं किया गया तो नदी रास्ता बदल लेगी और बेतवा महलघाट, बहराबाबा घाट सड़क की जगह से होकर बहेगी, जिसका खामियाजा सबको भुगतना होगा। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि मैं प्रयास करूंगा कि बेतवा में मिलने वाले सभी नालों पर एसटीपी बने। उन्होंने रंगई से चरणतीर्थ तक के हिस्से में बेतवा किनारे 200 मीटर तक जमीन का अतिक्रमण हटवाकर पौधरोपण के लिए हर संभव प्रयास तथा पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि चोर घाट नाले का एसटीपी बनाने को मंजूरी मिल गई है। विसर्जन कुंड के लिए कलेक्टर से चर्चा कर काम कराएंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, समिति संरक्षक डॉ सुरेश गर्ग ने भी संबोधित किया।

## संभागायुक्त ने एसडीएम व तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, राजस्व प्रकरण 100% हल करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भोपाल संभागायुक्त डॉ पवन कुमार शर्मा ने शुक्रवार को एसडीएम व तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उमाशंकर भार्गव उपस्थित रहे।

संभागायुक्त शर्मा ने मौके पर मौजूद विदिशा एसडीएम तथा तहसीलदार को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि एक वर्ष तक के सभी राजस्व प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। राजस्व अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलेगा। अभियान के दौरान राजस्व संबंधी तमाम प्रकरण निराकृत हों। संभागायुक्त डॉ पवन शर्मा ने कहा कि राजस्व अधिकारी अभियान के दौरान अन्य विभागों के कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा की विदिशा जिला किन्ही भी कार्यो में पिछड़ न पाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय में संधारित राजस्व अभिलेखों, पंजियों, नामांतरण, बंटवारा व न्यायालयीन प्रकरणों की पंजियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संपूर्ण राजस्व रिकार्ड अपडेट रखने तथा आवेदककर्ता अनावश्यक रूप से परेशान न हो इसकी कार्यप्रणाली अपनाने साथ ही आवेदकों से मधुर व्यवहार करने की भी सीख दी।



### आज से तीन दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

**विदिशा।** शनिवार से कृषि उपज मंडी तीन दिनों के लिए बंद रहेगी। आज दूसरा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। वहीं कल रविवार का अवकाश और 15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति होने के कारण कलेक्टर द्वारा घोषित अवकाश रहेगा। इसलिए मंडी में नीलामी बंद रहेगी। अनाज तलहन व्यापार उद्योग केंद्र संघ ने किसानों से अवकाश के दिनों में मंडी में अपनी उपज न लाने की अपील की है। जिससे किसानों को परेशान न हो।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया

खेल स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ

## स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा योग को दिनचर्या में शामिल करने अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को खेल स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, एसपी दीपक शुक्ला समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारियों ने छात्रों के साथ सूर्यनमस्कार किया। ठंड के बावजूद विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव के दौरान सभी से मतदान करने की भी अपील की गई। इस दौरान वक्ताओं ने योग के फायदे बताते हुए लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की। बताया गया कि योग के नियमित करने से मानसिक स्पष्टता, एकाग्रता में सुधार और फोकस में वृद्धि हो सकती है। योग करने से रक्त परिसंचरण में सुधार और तंत्रिका तंत्र को बढ़ावा देकर ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। यह थकान को कम करता है और शारीरिक शक्ति को बढ़ावा देता है। योग के फायदे ही फायदे हैं, इससे कई बीमारियों का इलाज संभव है। योगा करने से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।



**विदिशा।** खेल स्टेडियम में छात्रों के साथ योग करते जनप्रतिनिधि।

### संस्कार केंद्र के बच्चों ने विजय मंदिर में किया योग



सेवा भारती विदिशा नगर द्वारा भी सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। 12 संस्कार केन्द्र के बच्चों ने विजय मंदिर पहुंचकर योग किया। इस दौरान सेवा भारती के कार्यकर्ता डॉ. रूप सिंह रघुवंशी, वर्षा अग्रवाल, संस्कार केन्द्र की निरीक्षका कु. प्रिया कुशवाह दीदी और सभी संस्कार केंद्र की शिक्षिका उपस्थित रहीं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2611
उच्चतम भाव-3895
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3401
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2473
उच्चतम भाव-2568
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5465
मसूर
न्यूनतम भाव-4571
उच्चतम भाव-6095
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4803
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4750
सरसों
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5250
उड़द
न्यूनतम भाव-4811
उच्चतम भाव-7530
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-4240
ज्वार
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-7099
बटरी
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-4801
धना
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-5500
तुअर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7680

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 16861 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### उर्मिला श्रीवास्तव का निधन



**गंजबासौदा।** सुनील श्रीवास्तव पूर्व एकाउंटेंट की पत्नी, अनिल, राम, श्याम श्रीवास्तव की भाभी एवं स्वप्निल श्रीवास्तव की माताजी, हर्ष की बड़ी मां, वंश श्रीवास्तव की दादाजी उर्मिला श्रीवास्तव शिक्षिका का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास सिटी सेंटर से सुबह के समय पाराशरी विश्रामघाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वाहन दुर्घटना में घायल

**त्योंदा।** शुक्रवार को त्योंदा के समीप अमारी तिगड्डा के पास एक स्कॉर्पियो और बुलेट की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर कर दिया गया।

## नगर भर के विद्यालयों, महाविद्यालयों में हुए सूर्य नमस्कार, लगा विधिक साक्षरता शिविर

# उत्साह के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा













शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में स्वामी विवेकानंद की जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर अनेक शासकीय, अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत युवा मोर्चा के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में नगर के समस्त महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं विकसित भारत एम्बेसडर बनाए गए। वहीं विकास खंड के प्रत्येक माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय, शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। शास उत्कृष्ट उमा विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का योगाभ्यास प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों से 21 सदस्यीय शाला योग क्लब के छात्र, छात्राओं एवं उत्कृष्ट उमा विद्यालय के बच्चों ने सूर्य नमस्कार प्राणायाम किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन ने सभी बच्चों से स्वामी विवेकानंद जैसा शिष्य बनने का आह्वान किया। उन्होने योग एवं प्राणायाम के लाभ भी बच्चों को बताऐ। कार्यक्रम को एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा, विकासखंड योग समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण, रुपेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने उपस्थित बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को योग सूर्य नमस्कार प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार चौरसिया ने एवं आभार प्राचार्य एमसी शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी सहित स्टाफ एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिऐ चयनित मध्यप्रदेश राज्य मे योग चैम्पियन बालिका ईशा पुत्री जगदीश कुशवाह सीएम राइज स्कूल राजेन्द्रनगर का सम्मान किया गया। युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सैण्ट एसआरएस हायर सेकण्डरी स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का आधार है। योग के माध्यम से न केवल निरोग रहा जा सकता है। बल्कि मानसिक रूप से व्यक्ति सुदृढ और पुष्ठ रहता है।

इस अवसर पर पार्षद राहुल ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं और हम सब के आदर्श हैं। वे सन्यासी रूप में भी संसार के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। संस्था डायरेक्टर केएस यादव और प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। एनएसएस स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान और रजनी गुप्ता के निर्देशन में मंत्रोच्चारों के साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में शिक्षक मनोज श्रीवास्तव,गोविंद कुशवाह, विवेक दुबे, अनुज गुप्ता, दीपेश मीणा, सोहेल अंसारी, ममता कुशवाह सहित शिक्षक परिवार ने छात्र-छात्राओं के साथ योग आसन, प्राणायाम सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार एवं योग के विभिन्न आसन किए।

उधर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। वहीं युवा दिवस के उपलक्ष्य पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में छात्र शक्ति द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे ज़िले से आए कवियों द्वारा राष्ट्रवादी कविताओं व हास्य कविताओं का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी आशीष राय, महिला नेत्री रीता भावसार थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र नेता शुभम सिंह ठाकुर द्वारा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालयीन समस्त स्टॉफ और छात्र, छात्राएं मौजूद थीं। वहीं विधिक सेवा समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पार्थ शंकर मिश्र द्वारा की गई। शिविर में साइबर अपराध, संविधान के मूल अधिकार एवं कर्तव्य, निजता का अधिकार , निशुल्क विधिक सहायता ,यातायात नियम , दैनिक जीवन मे उपयोगी विधियां, शिक्षा के महत्व आदि विषयों पर जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के कैरियर गाइडेंस देते हुए सफलता के सूत्र बताए और छात्रों की जिज्ञासाओं व प्रश्नों पर शिक्षक की भांति परामर्श प्रदान किया गया। अधिवक्ता राजेश सक्सेना, सुनील पिंगले , पीएलबी अभिषेक पुरोहित सहित रुद्राक्ष समिति से आकर्ष अग्रवाल नेहरू युवा केंद्र से पूजा रघुवंशी एवम महाविद्यालयीन स्टॉफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। वहीं त्योंदा में भी सामुहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोहन कुमार यादव के संरक्षण में और महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान मे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाजसेवी कांतिभाई शाह, महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष प्रीति रानी श्रीवास्तव, शिक्षक काशीराम साहू ने पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। जिसमें कपालभाति सूक्ष्म व्यायाम सूर्य नमस्कार एवं श्वसन किया गया। संचालन डॉ.आरती साहू एवं आभार डॉक्टर प्रदन्या करंदीकर द्वारा व्यक्त किया गया। ग्राम उदयपुर के शासकीय स्कूल में योग शिक्षक डॉ. एकता, राजेश दांगी द्वारा योग गतिविधियां संपन्न कराई गई। इस अवसर पर ग्राम के नारायण पाल, महेंद्र शर्मा, प्रेम कपूर, बलराम रघुवंशी, रानी रैकवार सहित छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## तिरंगा चौक पर पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्गत शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी के मार्गदर्शन में युवा दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से धारण करने की समझाईश दी गई, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही चालानी कार्रवाई के अंतर्गत तिरंगा चौक एवं जय स्तंभ चौक पर विशेष अभियान के दौरान भारी वाहनों, यात्री बसों एवं स्कूल वैन को रोककर दस्तावेजों (फिटनेस, बीमा, परमिट, पीयूसी, रजिस्ट्रेशन, चालक का लाइसेंस आदि चैक कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर कुल 27 चालान बनाए गए। जिसमें 20300 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। चैकिंग अभियान के दौरान बिना परमिट, फिटनेस एवं बीमा वाली 1 स्कूल वैन पर कार्रवाई कर 6000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई। कार्रवाई के दौरान यातायात अमला मौजूद था।

## प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जगन्नाथपुरी उड़ीसा से चलकर 17 जनवरी को नगर में प्रवेश कर रही महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के संबंध में गुरुवार को नौलखी मंदिर में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने प्रमुख अधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि करीब 90 साल बाद नगर में विराट आयोजन हो रहा है। करीब 1200 किलोमीटर का सफर तय करके नगर के 40 से अधिक भक्त भगवान जगन्नाथ को रथ पर लेकर पैदल आ रहे हैं। इसलिए शहर का हर श्रद्धालु उनके स्वागत के लिए इंतजार कर रहा है। जिन जिन मार्गो से यात्रा का रूट तय किया गया है वहां साफ-सफाई, पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित रहे ताकि यात्रा के कारण किसी तरह का व्यवधान न रहे। बैठक के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह यात्रा मार्ग में बिजली, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मिलकर कार्य योजना बना लें। जिन स्थानों पर भंडारे आयोजित होंगे वहां पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था का भी इंतजाम रहे। यदि बाहर से भी पुलिस बाल की आवश्यकता होती है तो वह बुला लिया जाए।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यात्रा मार्ग के रास्तों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, पंडित केशव शास्त्री, मुरालीलाल अग्रवाल, नरेश गुप्ता, नीलेश अग्रवाल, मंदिर समिति के सदस्य सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ, जित्तू खरे के लोकगीत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नया बस स्टैंड पर श्रीरामलीला मेला में शनिवार शाम 6 बजे से जित्तू खरे एंड पार्टी द्वारा रंगारंग लोकगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से मेला ग्राउंड परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन होगा। इसी सिलसिले में नपा परिषद द्वारा हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। जिसके लिए आयोजन स्तर पर विभिन्न विभागों के 13 अलग-अलग काउंटर भी लगाए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बताया कि भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले विभिन्न विभागों के काउंटरों पर पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान शहरी, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया आदि के तहत लाभ दिलाया जाएगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित समस्त पार्षद गण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। शाम 6 से रामलीला मंच पर लोकगीत गायक जित्तू खरे एंड पार्टी द्वारा रंगारंग लोकगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी अमित शर्मा डेजी भाई, सिटी मिशन मैनेजर विपिन स्वामी, विपिन स्वामी आदि ने नागरिकों से उक्त दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है।

## वेदांत आश्रम में चल रही कथा का बारहवां दिन

# श्रीराम कथा में जनकपुरी में भगवान राम के आगमन का वृतांत सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व सरस संगीतमय शैली में श्रीराम कथा के बारहवें दिवस जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने जनकपुरी में भगवान राम के आगमन का वर्णन करते हुए बताया कि यद्यपि चारों भाइयों में अद्भुत सौंदर्य अप्रतिम बल तथा समस्त सद्गुण विद्यमान थे फिर भी भगवान राम रूप, शील तथा सद्गुणों के भंडार थे। रूप से तात्पर्य मनुष्य का गोरा या काला होना नहीं है, अपितु मनुष्य अपने स्वरूप को कैसे सजाता है यह महत्वपूर्ण बात है। मनुष्य को चाहिए वह साफ स्वच्छ तथा शालीन कपड़े पहने तथा समस्त प्राणियों में सद् व्यवहार रखते हुए उन्हें अपने मन, वाणी तथा कर्मों से आहत न करें। दुनिया में एक से बढ़कर एक कलाएं भरी पड़ी है। उन्हें अपने जीवन में उतारकर, लोक कल्याण की भावना का भाव लेकर प्राणी मात्र की सेवा करनी चाहिए। महर्षि विश्वामित्र के साथ आए हुए राम और लक्ष्मण का राजा जनक ने स्वागत किया और फिर उन्होंने महर्षि विश्वामित्र से जानना चाहा कि यह राम और लक्ष्मण कौन है? किंतु ज्ञान निधान राजा जनक ने विश्वामित्र के उत्तर देने के पहले स्वयं ही बता दिया कि राम और लक्ष्मण साक्षात ईश्वर के अवतार है। निर्गुण निराकार ईश्वर भी धरती पर अधर्म को नष्ट करने के लिए तथा सत्पुरुषों का हित करने के लिए धरती पर अवतार लेता है। स्वामी वेदांती महाराज ने कहा कि धर्म केवल चंदन लगाना व आरती करना ही नहीं है, अपितु धर्म हमारे जीवन में हमारे व्यवहार में दिखना चाहिए। आज मनुष्य में जाति पाति और उच्च नीच का भेद और भी बढ़ रहा है। जबकि भगवान राम कोल भीलों को हृदय से लगाकर निषाद को अपने बराबर में बैठाते हैं। केवट उनके चरण पखारता है ।भगवान राम शबरी के जूठे बेर भी खाकर उंच नीच का भेद मिटाते हैं।

मनुष्य में जब तक जाति वर्ण के आधार पर भेदभाव बना रहेगा तब तक हिंदू धर्म सशक्त होकर विश्व में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित नहीं कर सकता। हम भगवान का पूजन करने के साथ-साथ उनके द्वारा रामायण और गीता में दिए गए उपदेशों को भी अपने जीवन में व्यावहारिक रूप में लाएं तभी लोक कल्याण व मानव जाति का उद्धार संभव है। भगवान राम और लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा लेकर जनकपुर में नगर वासियों को दर्शन देकर उनके जीवन को कृतार्थ किया। हमें भी भगवान राम का दर्शन करके मानव जीवन सार्थक बनाना चाहिए।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह बघेल अल्प प्रवास पर गंजबासौदा आए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यशवंत दुबे ने बघेल का स्वागत कर साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर पं. हरिओम दुबे शास्त्री, भास्कर दुबे, रोहित साहू, देव दुबे सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बालिकाओं और माताओं का किया सम्मान

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को वार्ड नं 13 में महिला सशक्तिकरण सप्ताह 11 से 15 जनवरी के दौरान पिछले 1 वर्ष मे जन्मी बालिकाओं एवं उनकी माताओं को आंगनवाड़ी केन्द्र पर बुलाकर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ता आभा शर्मा, एएनएम कंचना, सहायिका गीता मालवीय सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

## शीत लहर पर भारी है राम लहरः राजेश जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शीतलहर पर राम लहर भारी है। इतनी सर्द हवाओं में भी हमारे कार्यकर्ता दिन रात संपर्क कर ग्राम ग्राम, मोहल्ला मोहल्ला तक जाकर हिंदू परिवारों को अयोध्या धाम के पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर उन्हें 22 जनवरी को राम दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। उक्त उद्गार विगत दिवस अल्प प्रवास पर गंज बासौदा पधारे विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राजेश जैन ने व्यक्त किए।


उन्होंने यह बात पूर्व जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता के निवास सिटी सेंटर कालोनी में कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान कही। उन्होंने गंज बासौदा जिले में अक्षत वितरण एवं परिवार संपर्क अभियान की सराहना की। कार्यकर्ताओं ने उन्हें 15 जनवरी के पूर्व कार्य पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इसके पश्चात सिटी सेंटर कालोनी के प्रत्येक परिवार में संपर्क कर अक्षत वितरण किया गया और सभी से 22 जनवरी को अपने घरों में रंगोली बनाने, रात्रि में दीपक जलाने एवं पड़ोस के मंदिर में भजन कीर्तन करने एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वजनों के साथ बैठकर देखने का भी आग्रह किया गया। इस अवसर पर प्रांत कार्याध्यक्ष केएल शर्मा भी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व प्रांत कार्याध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री ने नौलखी खालसा पहुंचकर श्रीमहंत राममनोहर दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रान्त समरसता प्रमुख सुनील यादव, प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रामसेवक विश्वकर्मा, विभाग सत्संग प्रमुख सुरेंद्र ठाकुर, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख वीरेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन, भाजपा नेता मनोज यादव, अभियान के जिला संयोजक अभिषेक शर्मा गुरूजी, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अमान सिंह राजपूत, जिला सह सेवा प्रमुख झगडू महाराज, जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाह,नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, सयोंजक भजन प्रजापति,जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, सौरभ गुर्जर, रामराज झा, अंकित विश्वकर्मा, कार्तिक खटीक, योगेश झा आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुबे बावली ने प्रेस नोट जारी कर दी गई।

### विचार गोष्ठी आयोजित

**गंजबासौदा।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सुरक्षित बचपन दिवस का शुभारंभ करुणा संदेश एवं करुणा पर आधारित तीन बहनों की कहानी से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य आरआर द्विवेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रवेश शर्मा ने करुणा के वैश्वीकरण आंदोलन पर प्रकाश डाला।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में नपा सिरोंज ने प्रदेश में प्राप्त किया 26वां स्थान

# पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के सपने हो रहे साकार, सिरोंज के विकास में लगेंगे चार चांद













हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज शहर को स्वच्छ साफ व सुंदर बनाने के लिए और जिस सिरोंज को देश और प्रदेश में पहचान देने के लिए सिरोंज के पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा का सपना अब सकार होता नजर आ रहा है। इस सपने को सकार करने के लिए उनके अनुज व क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के दिशा निर्देशन में शहर का विकास चरम सीमा पर पहुचता नजर आ रहा है। अभी हाल ही में भारत शासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2023 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिरोंज ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की स्पर्धा में भाग लिया और भारत शासन द्वारा नपा परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय रैंकिंग 3970 में से 225 प्राप्त की एंव स्टेट रैंकिंग 130 में से 26 वा स्थान प्राप्त किया। साथ ही वेस्ट जोन में 130 में से 26 वां स्थान प्राप्त किया। जिसके अंतर्गत शासन द्वारा जारी की गई विभिन्न गाईड लाईनों का पालन कर निकाय के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में अपना दावा प्रस्तुत किया गया था जिसको भारत शासन दिल्ली की स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम ने निरीक्षण किया गया था। वही इसका परिणाम 11 जनवरी 2024 को घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व जीएफसी वन स्टार कचरा मुक्त शहर तथा ओ.डी.एफ प्लस खुले में शौच मुक्त शहर का परिणाम घोषित किया गया था। जिसमें भी नगर पालिका परिषद ने जीएफसी वन स्टार, ओडीएफ प्लस की श्रेणी में चयन किया गया था।

#### तीन इंजन की सरकार ने किया कमाल

सिरोंज शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने व पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के सपने को सकार करने के लिए उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में एक युवा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। जिसमें एसडीएम हर्षल चौधरी ने शहर के सौदर्यकरण व शहर को सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने उन्हें जिम्मा सौंपा। इस जिम्मेदारी को पूरी करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने एक युवा अधिकारियों की टीम बनाई जिसमें नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,नपा उपयंत्री रोहित सिंह तोमर, अखिलेश मार्को को विश्वास पर शहर की सफाई व्यवस्था व सौदर्यकरण के लिए इस टीम को आगे बडाया। वही इस टीम ने शहर को सुदंर और स्वच्छ बनाने व सौदर्यकरण करने के लिए रात दिन एक कर दिया। एसडीएम हर्षल चौधरी ने नपा कर्मचारियों को उचित सम्मान व विश्वास में लेकर देर रात में चिहिंत स्थानों की सफाई कराई। एसडीएम की इस पहल ने एक अच्छा परिणाम दिया। वही नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू व स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने कर्मचारियों को विश्वास में लेकर बराबर साथ में खडें होकर उस सफाई को अंजाम दिया। जिसका परिणाम में नपा पे 26वी रैंकिंग हासिल की। नपा सीएमओ के पास एक अच्छा खासा नेटवर्क था और इसके पूर्व में भी श्री साहू ने स्वच्छता अभियान के लिए कई कार्य किए है। साथ ही कोरोना काल में भी साहू अपने दो पाहिया वाहन से गरीबो को जो सेवाए दी थी। वह आज भी अदिथिए है उल्लेखनीय है कि उस खतरनाक समय में जहा लोंग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थें उस समय में भी श्री साहू गरीबों की मदद के लिए उनके द्वार पर पहुचकर मदद करने के लिए आगे खडें रहते थे। वही स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना को सिरोंज में तो लंबे समय काम करने का अनुभव रहा। वही उज्जैन के सिंहस्थ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने पर शासन द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था। इनकी कार्यकुषलता का फायदा भी सिरोंज नगर को 26वी रैंकिंग हासिल करने में हुआ।

#### शहर के विकास में लगेंगे चार चांद

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद ने प्रदेश में 26वां स्थान प्राप्त किया। वही हजारों की आबादी वाले शहर के विकास में चार चांद लगेगें। इस उपलब्धि के बाद नगर पालिका को केन्द्र शासन से जो भी अनुदान राशि प्राप्त होगी उस राशि से शहर का विकास होगा। स्वच्छता अभियान के लिए जो भी नगर पालिका अपना प्रस्ताव शासन को भेजेगी उसके आधार पर लगभग करोडों रूपये का नपा को अनुदान प्राप्त होगा।

#### विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयास से नपा ने प्राप्त की प्रदेश में 26वीं रैंकिंग

*नगर में जहां भी विधायक उमाकांत शर्मा अपने भ्रमण के दौरान जाते थे तो वहा पर नगर पालिका द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था व अनियमितओं को लेकर अपना कडा रूक रखते थें। इसको लेकर सदैव उन्होने कार्यक्रमों व बैठको में चिंता जाहिर की और उन्होने हमेशा ही यह कहा कि सिरोंज को हमें सुंदर और स्वच्छ बनाना है इसके लिए उन्होने स्थानीय नगर पालिका व स्थानीय प्रषासन को हमेशा मार्गदर्शन व दिशा निर्देश देते रहें और नपा को प्रदेश सरकार से कई योजनाओं का लाभ दिलाते रहें। जिससे शहर की सुदरंता में चार चांद लग सकें। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक ने काफी करीब से देखा और जहा सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से नही होती थी। वहा पर सख्ती व प्यार से अपनी बात कही जिसका परिणाम सिरोंज शहर को मिला। वही नगर पालिका को पूरे प्रदेश में 26 वी रैंकिंग मिलना बहुत बडी बात है। क्योंकि जहां व्यवस्थाए जीरो पर थी वही व्यवस्थाए को नंबर वन बना दिया गया।*

#### परिषद ने भी निभाई अपनी जिम्मेदारी

नगर पालिका परिषद सिरोंज को स्वच्छता सर्वे में जो उच्च स्थान प्राप्त हुआ है उसमें नपा परिषद के अध्यक्ष मन मोहन साहू एंव उपाध्यक्ष मनोज शर्मा साईनाथ के साथ ही नगर के समस्त वार्डो के पार्षदों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

#### सीएमओ ने किया आभार व्यक्त

नगर पालिका परिषद की इस उपलब्धि पर शहर के समस्त नागरिकों एंव नपा के समस्त कर्मचारियों का नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने आभार व्यक्त किया। वही उन्होने कहा कि नए नए प्रयोग व तरीको से स्टार रैंकिंग में अधिक सुधार लाया जाएगा। स्वच्छता की दिशा में हम निरंतर लगें रहते है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। वही हम क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के हम आभारी है कि हमें जो समय समय पर उनका मार्गदर्शन और दिशा निर्देश प्राप्त हुए उसी कारण हम यह उपलब्धि प्राप्त कर सके।



## स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया

**रहली।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा 6 जनवरी की बैठक में प्रदेश के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 12 जनवरी युवा दिवस एवं 15 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के संपादन के निर्देश दिए गए थे। इसी आधार पर शुक्रवार 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद रहली के अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ बालकिशुन पटेल के निर्देश पर बैंक में स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योजना के विभिन्न हितग्राही जैसे 10,000 20,000 और 50,000 के ऋण प्रकरण स्वीकृत और वितरित कराए गए। इस अवसर पर जितेंद्र प्रजापति सहित, योजना से जुड़े नपा कर्मचारी, हितग्राही उपस्थित रहे।



## नगर पालिका परिषद रहली में कचरा पृथक्कीकरण के बारे में जानकारी प्रदान की

**रहली।** नगर पालिका परिषद रहली में घर घर कचरा संग्रहण में युवाओं व छात्रों के साथ हरा गीला - सूखा नीला अभियान के अंतर्गत नागरिकों को कचरा पृथक्कीकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालकिशन पटेल के निर्देशानुसार किया गया कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी शिवराम साहू,सफाई दरोगा महेश ठाकुर उपस्थित रहे।

#### सीएम राइज स्कूल रहली में किया गया सूर्य नमस्कार का आयोजन

रहली। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मप्र शासन के निर्देश पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेज में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सीएम राइज स्कूल में आकाशवाणी द्वारा प्रातः 9 बजे से दिए गए निर्देशानुसार विद्यालय में प्राचार्य विजय पचौरी और विद्यार्थियो ने एकसाथ सुर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक छात्र उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सलामत खान ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य विजय पचौरी, उप प्राचार्य दिलीप चौबे, शिक्षक संतोष जैन, शैलेन्द्र जैन, गोविद ठाकुर, संगीत शिक्षक, आशुतोष मिश्रा, यतेंद्र समाधिया, सहित समस्त शाला स्टॉप उपस्थित रहा। वही पीएम राइज स्कूल पंडलपुर में शाला प्राचार्य शिक्षक मनीष तिवारी ने छात्र छात्राओं के साथ सूर्य नमस्कार किया।

## पीएमश्री स्कूल में बच्चों ने किया सूर्य को नमस्कार



**पिपलधार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपलधार में सूर्य नमस्कार संस्था में सालासर के अंतर्गत 232 छात्र और छात्राएं ने सूर्य नमस्कार किया। रघुनंदन यादव ने सूर्य नमस्कार की ट्रिक पूरी की। साथ ही प्राचार्य आरके गोयल ने सूर्य नमस्कार की शारीरिक जीवन पर चर्चा की। उन्होंने कहा की योग अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए सबसे बढ़कर है। ताकि जीवन स्वस्थ रहे और अच्छा रहे। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री के महावर, नितिन कर्ण एवं सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

#### विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सूर्य को किया नमस्कार

**हरिभूमि न्यूज. नटेरन।** 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। नटेरन कम राज स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलीत एवं माल्यार्पण का किया गया। कार्यक्रम के पहले राष्ट्रगीत एवं मध्य प्रदेश गण तथा मुख्यमंत्री का संदेश वचन सभी ने रेडियो के माध्यम से सुना। खेल शिक्षक जालम सिंह ठाकुर द्वारा सूर्य नमस्कार करवाया गया। इसके पश्चात आलोम विलोम ,भ्रामरी प्राणायाम जैसी अन्य योग का अभ्यास कराया गया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य भगवान सिंह रघुवंशी एवं सभी शिक्षकों द्वारा योग प्रणाम किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सीईओ ने बताया कि स्वस्थ तन एवं स्वस्थ मन के लिए योग जरूरी है। सभी लोग नियमित योग करें। सभी को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी मुकेश शर्मा, सचिव मनोज तिवारी, अमित रघुवंशी, सीएम राइस प्राचार्य रामगोपाल कुर्मी आदि मौजूद रहे।

## गुरुकुल-नर्वदा एजुकेशन वैली स्कूल में युवा दिवस पर किया सूर्यनमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



स्वामी विवेकानंद के 161वीं जयंती पर नगर के सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में युवा दिवस पर सामुहिक सूर्य नमस्कार के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सीबीएसई गुरूकुल स्कूल में योग, सूर्य नमस्कार, ताइक्वांडो, मार्शल आर्ट का छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया। हैरतंगेज करतबों का प्रदर्शन किया तो उपस्थित छात्र-छात्राए, योग, व्यायाम की क्रियाओं के लिए प्रेरित होते रहे। नर्वदा एजुकेशव वैली स्कूल में विवेकानंद जयंती पर सामुहिक सूर्य नमस्कार कार्य कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य हरेन्द्र रघुवंशी ने विधार्थियों को योग व्यायाम से होने वाले लाभ और सूर्य नमस्कार से संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के प्रति बताया कहा कि व्यायाम, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार से हमारा मन मस्तिष्क व शरीर संतुलित स्वस्थ्य बना रहता है। प्रतिदिन अभ्यास का आग्रह किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही।

#### सह पाठ्यक्रम गतिविधियां भी देती हैं वैकल्पिक आजीविका के साधन- एसपी

विदिशा। ओलंपस हाई स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कहाकी बच्चों को खेल एवं कला में निपुणता से एक वैकल्पिक आजीविका का साधन तैयार किया जा सकता है जो कि ओलंपस हाई स्कूल बखूबी निभा रहा है। ओलंपस हाई स्कूल एवं लिटिल ओलम्पियन स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव शौर्य का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को स्कूल के प्रांगण में हुआ। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने स्कूल के चारों हाउस के विद्यार्थियों की परेड की सलामी ली और टॉर्च प्रज्वलित कर विद्यालय के झंडे को फहराया। बच्चों को खेल भावना की शपथ प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने दिलाई एवं संचालक मोहित रघुवंशी ने खेल शुरू होने की घोषणा की। समाहरो में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, वन्दे मातरम्, लेज़ियम नृत्य और बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम में विद्यालय के राज्य में प्रथम आये बैंड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न खेलों में सफल रहे विद्यार्थियों का परिचय भी अतिथियों से कराया गया। प्रथम दिन फुटबॉल, कबड्डी, खो खो इत्यादि के मैच हुए एवं संपूर्ण विद्यालय जोश के साथ प्रतियोगिता का हिस्सा बना। स्कूल संस्थापक मोहित रघुवंशी ने बताया कि तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ होगा।

## शासकीय स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



स्वामी विवेकानंद जयन्ती युवा दिवस पर शा. बालक हा.से. में सामुहिक सूर्य नमस्कार, योग प्राणायाम के कार्यक्रम हुए। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ अतिथियों ने भी योग क्रियाओं में सहभागिता की। विभिन्न चरणो में योग, व्यायाम और प्राणायाम की क्रियाओं का उनका लाभ बतलाते हुए योग शिक्षक राजेश गोहले द्वारा अभ्यास कराया गया। एक गीत जमना जी का खारो लगे पानी पर एक दर्जन से अधिक योग व्यायाम की क्रियाए छात्रों द्वारा सामुहिक रूप से की गई। इस अवसर पर वार्ड 15 के पार्षद रणधीर चौधरी, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार विद्यालय के पूर्व छात्र सुरेश बिदुआ ने भारत के सपूत, भारतीय संस्कृति, धर्म की संपूर्ण विश्व में ध्वज पताका फहराने वाले स्वामी विवेकानंद जी के जीवन में प्रेरणा देने वाले अंशो का उदाहरण देते हुए कहा कि स्वंय बलवान, समर्थवान, मेघावी बने तभी हम दूसरो की मदद कर पाएगे। कहा कि दीनदुखियों, गरीबों, बेसहारा का सहारा युवा बने। बिदुआ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी प्रखर, तेजस्वी, शारीरिक और मानसिक रूप से अत्याधिक बलवान थे। उनकी मेघा शक्ति अद्वितीय थी, इसलिये हम छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेकर पढाई और जीवन में अच्छे कार्य कर देश भक्त सच्चें नागरिक बन सकते है।

#### 1940 में हुई स्थापना

वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ जो कि 1967 से 1973 तक इस विद्यालय के छात्र रहे, ने कहा कि नबावी शासन के दौरान 1940 में प्राथमिक शाला के रूप में विद्यालय शुरू हुआ था। बताया कि पुराना खपरैल वाले स्कूल भवन के स्थान पर पिछले वर्षो में जनभागीदारी एवं विधालय, सांसद से मिली राशि से स्कूल भवन का कायाकल्प,नये भवन कक्ष निर्माण के कार्यो में प्राचार्य के.के. बानी, समिति अध्यक्ष जीपी ठाकुर की महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका बनी रहने से क्षैत्र का श्रेष्ठ विद्यालय हो गया है।

## रावण वध के साथ राम कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

कस्बा हैदरगढ़ में मिडोइया मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथावाचक आराधना देवी ने श्रीराम कथा के अंतिम दिन रावण वध की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि लंका में पाप और पुण्य के बीच तथा धर्म और अधर्म के बीच युद्ध शुरू हो चुका था। रण में एक-एक कर रावण के सभी पुत्रों व भाइयों का नाश होने लगा।

अंततः जब सेना कम पड़ी तो रावण ने श्रीराम प्रभु की सेना को नष्ट करने के लिए छह माह सोने वाले भाई कुंभकर्ण को असमय ही जगाया। यह प्रयास भी निरर्थक साबित हुआ और कुंभकर्ण को भी वीरगति प्राप्त हुई। राम कथा के अंतिम दिन रावण वध का प्रसंग सुनाया। स्वयं रावण युद्ध भूमि में आया।

राम का प्रताप देख वह आकाशमार्ग में पहुंच गया। जहां पहुंचकर प्रभु श्रीराम ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर उसकी नाभि का अमृत सोख लिया और उसका वध कर दिया। रावण वध का प्रसंग सुनते ही भक्तजन भाव-विभोर हो उठे और पूरा आयोजन स्थल प्रभु श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। जन मानस में भक्ति में माहौल बना रहा। समापन दिवस पर भक्तों की संख्या काफी अधिक रही।

### पलाश की धमाकेदार 25 गेंदों पर 77 रन की बल्लेबाजी ने जीता दर्शकों का दिल

## मलिक राइडर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची भोपाल टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही स्वर्गीय संतोष पासी जी की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट थर्ड सीजन 2024 का आयोजन में शुक्रवार को 3 मैच खेले गए। पहला मैच मालिक राइडर बनाम न्यू शिव मंदिर विदिशा के मध्य खेला गया।

न्यू शिव मंदिर ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का निर्णय लिया जोकि कठिन साबित हुआ पलाश और सौरभ की जोड़ी ने 138 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए 8 ओवर में 101रन ही बना पाई और मैच गबा दिया। दिन का दूसरा मैच रामलीला विदिशा बनाम आका तारिख 11 भोपाल के मध्य खेला गया। जिसमें रामलीला की टीम को महज 43 रन पर रोक दिया। नरेंद्र कटारे के चार छक्कों की बदौलत महज 2.2 ओवर में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिन का अंतिम और क्वार्टर फाइनल मुकाबला आका तारिख 11 भोपाल बनाम मालिक राइडर विदिशा के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मलिक राइडर ने 6 ओवर में 10 विकेट खोकर 62 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए आका तारिख 11 के मकबूल के 31 रनों की बदौलत मैच 7 ओवर में अपने नाम कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश कटारे, वरिष्ठ समाजसेवी देशराज रघुवंशी,अरविंद पाल ,सुमित वैद्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवा दिवस के उपलक्ष में युवाओं को खेल से जोड़ने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कपिल वलेचा, रविकांत नामदेव, फराज सैयद, पंकज भार्गव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



#### व्यापार महासंघ अध्यक्ष वर्मा की पत्नी का निधन

बरेली। नपं. के पूर्व पार्षद, पूर्व नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा की पत्नी रीता वर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। श्रीमती वर्मा की शवयात्रा दालमिल कालौनी से प्रारंभ हुई।



जिसमें भारी संख्या में व्यापारी, राजनैतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, शामिल हुए। उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई। राजेन्द्र वर्मा नगर के ख्याति प्राप्त व्यापारी हैं। राजेन्द्र वर्मा की पत्नी श्रीमती रीता वर्मा के निधन पर नागरिकों ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## खबर संक्षेप

### जमुनिया घाट पर धान से भरा ट्रक पलटा



**सिलवानी।** डेंजर जोन बन चुकी जमुनिया घाटी के अंधे मोड़ पर सुबह के समय धान से भरा ट्रक पलट गया। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि गैरतगंज तरफ से सिलवानी की और आ रहा धान से भरा ट्रक एमपी 09 एचजी 7710 तहसील मुख्यालय से करीब 7 किलो मीटर दूर स्टेट हाइवे 44 पर स्थित जमुनिया घाट पर पलट गया, जिससे धान के बोरे बिखर गए। ज्ञात रहे कि जमुनिया घाट डेंजर जोन में बदल चुका है। अकसर ही घाट पर अंधे मोड़ पर हादसे होते रहते है। इन हादसो में जानमाल का नुकसान भी हो चुका है। हालांकि नागरिक लगातार प्रशासन से उक्त अंधे मोड़ को सीधा करने की मांग कर रहे है लेकिन प्रशासन लगातार हो रहे हादसो के बाद भी नागरिकों की जायज मांग को नजर अंदाज कर रहा है। मात्र जमुनिया घाट ही नही बल्कि नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सियरमऊ घाटी भी डेंजर जोन बन चुकी है। इस घाटी पर साल में अनेको हादसे होते हैं। इस घाटी पर भी अनेको अंधे मोड़ हुए है। जो कि हादसे का कारण बनते है। लगातार हो रहे हादसो के बाद भी प्रशासन मोड़ को सीधे किए जाने को लेकर गंभीर नहीं है।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का किया आयोजन



**सुल्तानपुर।** स्वामी विवेकानंद सरस्वती की जयंती के उपलक्ष में आज का दिन राष्ट्रीय युवा उत्सव के रूप में मनाया गया। इसमें सामूहिक रूप से छात्र-छात्राओं एवं अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास किया गया। इसी क्रम में शमीपस्थ गांव किनगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया।

### छात्राओं को गुड टच-बेड टच की दी जानकारी

**सलामतपुर।** इन दिनों जिलेभर में पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस अधिकारी स्कूलों में जाकर यातायात नियमों की जानकारी छात्र छात्राओं को दे रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कस्बे के यूनिक कैरियर स्कूल में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने छात्र छात्राओं को वाहन चलाने की जानकारी दी। इस दौरान स्कूल संचालक जमील अहमद सहित स्कूल स्टॉफ भी मौजूद रहा। थाना प्रभारी ने बच्चों के बीच पहुंचकर बताया कि वह अपनी सुरक्षा कैसे करें, सड़क पर कैसे चले, नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। सबसे ज्यादा घटनाएं नशे की हालत में होती है। वहीं थाना प्रभारी ने बच्चों से और बच्चों ने थाना प्रभारी से सवाल जबाव किए।



# खेल स्टेडियम में बड़ों के साथ बच्चों ने भी किया सामूहिक सूर्यनमस्कार

## युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श: विधायक डॉ. चौधरी

### 'वंदे मातरम' गायन के साथ स्वामी विवेकांनद जी की वाणी एवं सीएम यादव के संदेश का प्रसारण सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों, आश्रम-शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया। वहीं शहर के दशहरा मैदान स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्यनमस्कार का शुभारंभ विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिक अध्यक्ष सविता सेन और कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा दीप प्रज्जवलन और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इसके उपरांत सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वन्देमातरम का गायन किया और स्वामी विवेकांनद जी की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण भी सुना तथा छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया और अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं भ्रस्त्रिका प्राणायाम किया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को पूरा देश युवा दिवस के रूप में मना रहा है। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श युवाओं को स्वाभिमान का पाठ पढ़ा कर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रहे हैं। आज भी उनका जीवन-दर्शन हम सभी का मागर्दशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि शरीर को, मन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित अन्य योगासन जरूर करना चाहिए। योग से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है। एकाग्रता और सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि हम सभी को भी मिलकर रायसेन को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। विकास के हर मामले में रायसेन को पहले नम्बर पर लाना है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, एएसपी कमलेश कुमार, एसडीएम मुकेश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया सहित अन्य जनप्रनिधि, समाजसेवी, नागरिक उपस्थित रहे।





### मैराथन के विजेताओं को किया पुरस्कृत

युवा दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विधायक डॉ चौधरी तथा जिपं अध्यक्ष द्वारा मैराथन के विजेताओं को मेडल और पुस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मैराथन में प्रथम स्थान रोहित शिल्पकार ने, द्वितीय स्थान शुभम लोवंशी तथा तृतीय स्थान पर संतोष कुमार ने प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त अन्य धावकों तथ बालिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

### विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन



*बाड़ी। शासकीय सीएम राइज विद्यालय बाड़ी में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि नायाब तहसीलदार एवं विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र तथा समस्त शिक्षकों ने प्रतिभा किया। योग प्रभारी अरविंद शर्मा ने आसनों से होने वाले लाभों के विषय में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। मुख्य आतिथि सहित मंच पर सुमन तिवारी, शोभाराम मालवीय, अजय शर्मा एवं शिवाजी तोमर उपस्थित रहे। समस्त स्टाफ की सहभागिता एवं सलोनी आचार्य जी के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शांति मंत्र के साथ आयोजन संपन्न हुआ।*

### सीएम राइज स्कूल में किया गया सूर्य नमस्कार का आयोजन

**सिलवानी।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था सीएम राइज स्कूल में शुक्रवार योग दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जयंती मनाई गई। सामूहिक योग एवं प्राणायाम का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नप अध्यक्ष रेशू नायक, विभोर नायक, समाजसेवी, प्रतिनिधीगण संजय मस्ताना, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू, मिलन जैन,सेवा निवृत शिक्षक बीएम विश्वकर्मा, प्रणीत समैया, संदीप शर्मा, बिट्टू राय एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन विद्यालय के प्राचार्य एनपी शिल्पी एवं बीईओ नरेश रघुवंशी व नागरिक एवं अतिथियों के कर कमलों से किया। सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम हुआ उसके बाद मध्य प्रदेश गान फिर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का संदेश प्रसारण हुआ। सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की विभिन्न क्रियाएं कराई गई। विद्यालय के योग शिक्षक राकेश कुर्मी द्वारा बच्चों को योग एवं प्राणायाम की क्रिया सिखाई गई। अंत में विद्यालय के प्राचार्य य द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### विवेकानंद जयंती पर सूर्यनमस्कार आयोजित सांची यूनिवर्सिटी में युवा दिवस पर आयोजन

**सलामतपुर।** सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के दो दिवसीय युवा दिवस कार्यक्रम के तहत सूर्य नमस्कार, योगासन और मेडिटेशन-ध्यान किया। विश्वविद्यालय के छात्रों ने सलामतपुर के महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर विवि परिसर में सूर्य नमस्कार




किया। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने परिसर में कर्मयोग भी किया जिसके तहत सभी ने साफ-सफाई के कार्य को कर स्वच्छता का संदेश दिया।विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारी भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. नवीन कुमार मेहता ने इस अवसर पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के छोटे से भाषण ने अमेरिका को भारतीय संस्कृति से अवगत करा दिया था। उन्होंने कहा कि छात्रों को एकाग्रता के साथ सभी कार्य करने चाहिए। प्रो. मेहता ने अमेरिका में स्वामी विवेकानंद के साथ घटे एक घटनाक्रम का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि अपने अमेरिका प्रवास के दौरान स्वामी विवेकानंद ने तकरीबन 15-16 साल के कुछ अमेरिकी बच्चों को बंदूक से निशाना लगाते हुए देखा, लेकिन उन बच्चों के निशाने टारगेट पर नहीं लग रहे थे। तब स्वामी विवेकानंद ने उनमें से एक बच्चे से बंदूक लेकर निशाने लगाए और सभी फायर अपने टारगेट पर लगे। इस पर बच्चों ने स्वामी जी से पूछा कि आप ऐसा कैसे कर पाए तो उन्होंने जवाब दिया कि एकाग्रता के कारण......अगर आप भी अपनी एकाग्रता को बढ़ा लेंगे तो जीवन के हर कार्य में सफल होंगे। वैकल्पिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर पाण्डेय ने स्कूली छात्रों को स्वामी विवेकानंद और भारतीय संस्कृति के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों ने कविता पाठ भी किया।

## जामगढ़ तालाब के पास दिखा तेंदुआ, वन विभाग की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विन्ध्य पर्वत श्रंखला में सिंघोरी अभ्यारण बाड़ी एवं बम्होरी रेंज में फैला हुआ है। सिंघोरी अभ्यारण में सेकडो प्रजाति के वन्य जीव निवास करते है। हिंसक पशु शेर, तेंदुआ के साथ काले रंग के कृष्णमृग, नील गाय भी पाए जाते है। बुधवार की शाम से जामगढ़ के तालाब किनारे तेंदुआ देखे जाने के साथ उसकी हलचल से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दशको बीत गए परंतु सिंघोरी अभ्यारण की न तो सुरक्षा दीवार है, और न ही फैसिंग हुई है। इसी कारण हिरण, नील गाय, तेंदुआ एवं अन्य वन्य प्राणी अभ्यारण क्षेत्र से मैदानी क्षेत्र और गांवो तक विचरण करते पहुंच जाते है। पिछले वर्ष भी तेंदुआ द्वारा मवेशी बकरियों पर हमला करने खा जाने की घटनाए हो चुकी है।

जामगढ़ गुफा - जामगढ़ ग्राम तालाब और जामवंत की गुफा, उंची पहाडी पर जल भरा रहने और शिव मंदिर के लिए ख्याति प्राप्त है। तालाब से कुछ दूरी पर पहाडी में जामवंत की गुफा है। तलहटी में ग्राम की आबादी और खेत लगे हुए है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम जहॉ तेंदुआ दिखा था, पहुंच गई। भोपाल से भी टीम आई। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



### ऊपर का आदेश नीचे तोड़ रहा है दम

## लोकशिक्षण संचालनालय का आदेश शिक्षक नियुक्ति अवैध घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कुछ वर्षो में बहुत कुछ बदल गया शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूल मर्जी हमारी की तर्ज पर काम को अंजाम दिया जा रहा है। यानी शिक्षा के मंदिर अब मनमानी के मंदिर बन गए। कन्या शाला संकुल केंद्र बाड़ी का नया मामला शिक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। क्या शिक्षा के मंदिर में मनमानी तानाशाही को जगा दी जा सकती है। यह खुद स्पष्ट कर रहा है लोक शिक्षण संचनालय का एक पत्र जो जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन को भेजा गया है, जिसमें संकुल केंद्र कन्या शाला के प्राचार्य घनश्याम मेहरा द्वारा नवीन शिक्षक शिक्षिका की नियुक्ति को पूरी तरह अवैध घोषित कर रहा है। क्या शिक्षक नियुक्ति का आधार योग्यता है या धन बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है।

यदि शिक्षा के मंदिर में योग्यता पूरी तरह तमाशा बन गई हो और आयोग्यता सुपर फास्ट गाड़ी की तरह तेज रफ्तार से चल रही हो तो कहना पड़ेगा शिक्षा के मंदिरों में भी अब राजनीतिक अड्डा बन गया है, जिस तरीके से योग्यता को शिथिल किया गया उससे शिक्षा पर ग्रहण लग गया है। सचिवालय का यह पत्र शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल खोल रहा है। संचनालय के इस पत्र ने यह तो आइना दिखा दिया कि संकुल केंद्र में प्रभारी किस तरीके से शासन के नियमों को शिथिल कर अपने नियमों को लागू कर रहे हैं। मामला अब मुख्य सचिव शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल पहुंच चुका है। संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण तक पहुंच चुका है कि बाड़ी में शिक्षा के मंदिर में काले कारनामे हो रहे हैं।

### नई नियुक्ति को निरस्त कर पुरानी बहाल करे

*अब सवाल उठता है जिला शिक्षा अधिकारी के पास यह पत्र 3 जनवरी को आवक में दर्ज हो गया है। संचनालय ने स्पष्ट रूप से अपने आदेश में लिखा है नई नियुक्ति को निरस्त कर पुरानी नियुक्ति को बहाल किया जाए।*

*शिकायत पत्र दिनांक 2023 पत्र क्रमांक 7818 के आधार पर जांच की गई जिसमें पाया गया कि नियुक्ति में निर्देशों का पालन नहीं किया गया विषय वार शिक्षकों की नियुक्ति में पाया अतिथि शिक्षक की पूर्व पैनल में वर्ग एक विषय इतिहास शीरीन नाज का नाम होने पर उन्हें पैनल से हटा दिया। कु मरियम खान को बगैर कारण हटाने का मामला मनमानी का प्रमाण है। सभी आधार को समायोजित कर लोक शिक्षण संचनालय ने जांच बिंदु के आधार पर नवीन नियुक्ति को अवैध घोषित कर दिया है।*

### स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में जोनल स्तर पर जिले के 3 निकाय 1 स्टार शहर घोषित

## जिले की सभी नगरीय निकायों को ओडीएफ डबल प्लस रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में गार्बेज फ्री सिटी प्रमाणीकरण के अंतर्गत जोनल स्तर पर रायसेन जिले के तीन नगरीय निकाय रायसेन, मण्डीदीप और उदयपुरा को 1 स्टार शहर घोषित किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में जिले में सिर्फ मण्डीदीप 1 स्टार शहर घोषित हुआ था। ओडीएफ 2023 स्टेटस में जिले के सभी 11 निकायों को ओडीएफ++ रेटिंग प्राप्त हुई है।

कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में जिले में सभी निकायों में स्वच्छता के संकल्प को पूरा करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कलेक्टर के अथक प्रयासों से स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 जिले के निकायों की रैंक में बेहतर सुधार हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में मंडीदीप को 50 हजार से अधिक और एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में 1 स्टार के साथ 18वी रैंक प्राप्त हुई है, जबकि 2022 में मंडीदीप को 43वी रैंक थी। रायसेन नगर को 25 हजार से 50 हजार तक आबादी वाले शहरों में 1 स्टार के साथ 27वी रैंक प्राप्त हुई है, जबकि वर्ष 2022 में 115वी रैंक प्राप्त हुई थी। उदयपुरा को 15 हजार से 25 हजार तक आबादी वाले शहरों में 1 स्टार के साथ 40वी रैंक मिली, जबकि 2022 में 57वीं रैंक थी।

## प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को बनाएंगे विकसित राष्ट्र : विधायक पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुल्तानपुर

विकास संकल्प यात्रा का आगमन शुक्रवार को स्थानीय राम जानकी मंदिर में आहूत किया गया। जिसमें विकास संकल्प यात्रा के रथ का नगर परिषद एवं नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक सुरेन्द्र पटवा उपस्थित रहे। जहां पर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन कर एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।




कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी सुरेंद्र पटवा द्वारा काफी सराहना की गई। वहीं कक्षा तीसरी की छात्रा खुशी विश्वकर्मा ने अपने घर के ऊपर से निकलने वाली बिजली की तार को हटाने का आग्रह किया जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विधायक द्वारा उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र पटवा ने डबल इंजन सरकार के फायदे के गिनाएं। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनहितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक पटवा ने कहा कि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत विकसित राष्ट्र बने और उन्होंने विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास भी शुरू कर दिए हैं हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएंगे। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितेषी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।

इस अवसर पर नप अध्यक्ष लक्ष्मी हेमराज मीणा, किशोर रामानी, राधाकृष्ण आडवानी, कन्हैयालाल गौर, एसडीएम चंदशेखर श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा, कमलेश राजपाल, सुरेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्रकाश पटेल, विनोद चौधरी, राकेश गौर, विनोद सोनी, तहसीलदार हेमंत शर्मा, सीएमओ अशोक केथल, थाना प्रभारी रनजीत सराठे सहित नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी, पशु चिकित्सा विभाग सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।